लखनऊ, रविवार
16 सितंबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4+4+4=36

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

घाटी में मुठभेड़, पांच आतंकी ढेर 19
रवि शास्त्री के अनुरोध को ऑस्ट्रेलिया ने माना 20

'स्वदेशी नींव पर विकास की दीवार खड़ी करें अभियंता'

जासं, लखनऊ : अभियंता दिवस के मौके पर द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स उप्र की ओर से आयोजित समारोह में प्रदेश के विधि, न्याय और राजनैतिक पेंशन मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में अभियंता बहुत अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। मगर अब वह समय आ गया है कि वे आयातित तकनीकों की जगह स्वदेशी तकनीक विकसित करें।

रिवर बैंक कॉलोनी स्थित अभियंता भवन में 51वां अभियंता दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर ब्रजेश पाठक ने संघ की स्मारिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्याम कृष्ण पांडेय ने एक नई औद्योगिक क्रांति विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भारत तरक्की कर रहा है। गगनयान, चंद्रयान इसके बड़े उदाहरण हैं। अंतरिक्ष कार्यक्रमों के जरिये भारत अपने देशवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठा रहा है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम के निदेशक बीएस तिवारी ने बताया कि बिजली का उत्पादन प्रदेश में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। तीन सालों में ये बढ़कर 10 हजार 919 मेगावाट हो गया है। इस मौके पर उप्र लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ. भरतराज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।